फैसला

मुखबिर की सूचना पर राघवगढ़ के थाना इंचार्ज बृजमोहन साहब क्षेत्र के चपे–चपे पर पहरा लगा दिये।उनकी जागरूकता की वजह से सफेदरंग की कार चक्रव्यूह में फंस तो गयी पर चालक भागने में कामयाब हो गया । गोलीबारी से घबराकर खेत में काम कर रहा कृषक युवक उखड़े पांव भागने लगा । तनिक भर में भागते हुए युवक की छाती पुलिस की गोली से छलनी हो गयी । सफेद कार से पैसठ किलो अफीम बरामद हुई । कृषक युवक ड्राइवर घोषित हो गया। बृजमोहन साहब को एक लाख पैसठ हजार का अवैध पुरस्कार मालिक से प्राप्त हुआ । भगवान के फैसले के अनुसार बृजमोहन साहब पेशी पर जाते समय एक्सीडेण्ट में वहीं मारे गये जहां कृषक युवक को गोली मारी गयी थी । नन्दलाल भारती